**विज्ञापन सं. ADVERTISEMENT NO. सैक:SAC:01:2025 दिनांकित Dated : 02.09.2025**

**(ऑनलाइन आवदेन प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन भर्ती पोर्टल 02.09.2025 के 1000 बजे से 22.09.2025 के 1730 बजे तक खुला रहेगा)**

**(Online recruitment portal will be open from 1000 hours of 02.09.2025 to 1730 hours of 22.09.2025 for online submission of application)**

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अग्रणी केंद्रों में से एक है। सैक इसरो के स्थलीय एवं ग्रहीय मिशनों के लिए अंतरिक्षीय यंत्रों को डिजाइन करता है और सामाजिक लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रचालन करता है। इन अनुप्रयोगों में संचार, प्रसारण, नौवहन, आपदा निगरानी, मौसमविज्ञान, समुद्रविज्ञान, पर्यावरण निगरानी तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन शामिल हैं। सैक संचार उपग्रहों की इन्सैट और जीसैट श्रृंखला के लिए प्रेषानुकर तथा भू-प्रेक्षण उपग्रहों की आईआरएस श्रृंखला हेतु प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग संवेदकों को डिजाइन तथा विकसित करता है। साथ ही सैक भू-ट्रांसमिट व अभिग्रहण प्रणालियों तथा डेटा/ प्रतिबिंब प्रसंस्करण प्रणालियों का विकास भी करता है। सैक के पास वैद्युतिकीय एवं यांत्रिकीय संविरचन, पर्यावरणीय परीक्षणों तथा प्रतिबिंब प्रसंस्करण व विश्लेषण हेतु उच्च आधुनिक नीतभार डिजाइन एवं समाकलन प्रयोगशालाएं हैं।

Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space (DOS). SAC focuses on design of space borne instruments for terrestrial and planetary missions of ISRO and development and operationalisation of space technology for societal benefits. The applications cover communication, broadcasting, navigation, disaster monitoring, meteorology, oceanography, environment monitoring and management of natural resources. All the transponders for the INSAT and GSAT series of communication satellites and the optical and microwave sensors for IRS series of earth observation satellites are designed and developed at SAC. Further, SAC develops ground transmit and receive systems and data / image processing systems. SAC has highly sophisticated payload design & integration laboratories, facilities for electronic & mechanical fabrication, environmental tests and image processing & analysis.

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हेतु, सैक ने कृषि, वानिकी, समुद्रतट अंचल प्रबंधन, शहरी नियोजन, हिम एवं हिमनद अध्ययन, समुद्रविज्ञान एवं वायुमंडलीय अध्ययनों के क्षेत्र में अग्रगण्य योगदान दिया है। सैक ने बहु-अभिकरण फसल परियोजना के अंतर्गत प्रमुख फसलों के उत्पादन के पैदावार पूर्वानुमान, ओसीएम एवं अन्य उपग्रह डेटा का उपयोग करते हुए संभावनायुक्त मत्स्यन क्षेत्र के पूर्वानुमान तथा प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग सुदूर संवेदन डेटा का उपयोग करते हुए हिमालयन एवं ध्रुवीय क्रायोस्फिरिक के अध्ययन और समुद्रतटीय क्षेत्रों की निगरानी हेतु संकल्पना एवं तकनीकी विकसित की है। दिशा एवं भूमि-आपतन के मानदंडों में चक्रवातों के अनुवर्तन हेतु पद्धतिविज्ञान विकसित किया है और इनका उपयोग हाल ही में चक्रवातों के लिए किया गया है। समुद्र सतह तापमान, पवन गति, तरंग तुंगता आदि जैसे समुद्री प्राचलों के साथ जलवाष्प, मेघ तरल जल मात्रा आदि जैसे वायुमंडलीय प्राचलों को निकालने के लिए कलनविधि भी विकसित की गई है।

For natural resource management, SAC has made pioneering contributions in the fields of agriculture, forestry, coastal zone management, urban planning, snow & glacier studies, oceanography & atmospheric studies. SAC has developed concept and techniques for pre-harvest estimation of production of major crops (FASAL), forecasting of potential fishing zones using OCM and other satellite data, studies of Himalayan and Polar cryosphere and monitoring of coastal zones using optical as well as microwave remote sensing data. Methodology for tracking cyclones in terms of intensity, direction and land falls has been developed and used for recent cyclones. Algorithms have also been developed to derive ocean parameters like sea surface temperature, wind speed and wave heights as well as atmospheric parameters such as water vapour and cloud liquid water content.

सैक, इसरो विभिन्न फसलों के लिए सुदूर संवेदन और भूमि आधारित सूचना का प्रयोग कर कृषि विज्ञान से संबंधित बहु-विषयक क्षेत्रों व परियोजना गतिविधियों में **परियोजना सहयोगी-I (पीए-I) और परियोजना वैज्ञानिक-I (पीएस-I)** के रूप में कार्य करने वाले वैज्ञानिक रुझान रखने वाले प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को नियुक्त करना चाहता है।

SAC, ISRO is looking forward to engage bright candidates with scientific aptitude to work as **Project Associate-I (PA-I) and Project Scientist-I (PS-I)** in multi-disciplinary fields and project activities related to Agricultural Science using Remote Sensing and ground based information for various crops.

युवा और अभिप्रेरित अभ्यर्थियों (केवल भारतीय नागरिकों) से **परियोजना सहयोगी-I के बारह (12) अस्थायी और परियोजना वैज्ञानिक-I के एक (01) अस्थायी पदों** हेतु निम्नलिखित विवरणानुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं-

Online Applications are invited from young and motivated candidates (Indian citizens only) for **Twelve (12) temporary positions of Project Associate-I and One (01) temporary positions of Project Scientist-I** as per the following details:

| **पद कोड POST CODE - 01** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना वैज्ञानिक-I PROJECT SCIENTIST-I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | **01 (एक One)** |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | कृषि विज्ञान में पीएचडी Doctoral Degree in Agricultural Sciences.<br>**या OR**<br>कुल न्यूनतम 60% अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पॉइन्ट स्केल पर 6.5 के सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कृषि अभियांत्रिकी/कृषि सूचना प्रौद्योगिकी में एमई/ एम.टेक<br>M.E/ M.Tech in Agricultural Engineering / Agricultural Information Technology with an aggregate minimum of 60% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 Point scale. |
| वांछनीय अर्हता<br>Desirable Qualification | सुदूर संवेदन और जीआईएस के कार्य अनुभव वाले अभ्यर्थियों को अधिक महत्व दिया जाएगा। संपूर्ण शैक्षणिक कैरियर में 65% से अधिक अंक वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।<br>Higher weightage will be given to candidates having working knowledge of Remote Sensing and GIS. Preference will be given to candidates having more than 65% marks throughout academic career. |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | फसल 2.0 परियोजना के लिए सुदूर संवेदन डेटा का विश्लेषण, 10 फसलों के लिए उत्पाद मॉडल का क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन, डेटा एकत्रण के लिए फील्ड विजिट, यथास्थिति फसल प्राचन मापन के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना<br>Technical assistance to FASAL 2.0 project for remote sensing data analysis, implementation and evaluation of yield models for 10 crops, field visit for data collection, in situ crop parameter measurement. |

| **पद कोड POST CODE - 02** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना सहयोगी-I PROJECT ASSOCIATE - I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | **07** |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | कुल न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पॉइन्ट स्केल पर 6.84 के सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ भू-सूचना/सुदूर संवेदन/जीआईएस में एम.एससी<br>M.Sc. in Geo-informatics/ Remote Sensing / GIS with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point scale.<br>**या OR**<br>कुल न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पॉइन्ट स्केल पर 6.84 के |

| | |
|---|---|
| | सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कृषि सूचना प्रौद्योगिकी/भू-सूचना/कृषि अभियांत्रिकी में बी.टेक<br>B. Tech. in Agriculture Information Technology/ Geo-informatics/ Agricultural Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point scale |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | फसल 2.0 परियोजना (2), आईपीसीएम (1), सुफलाम-II (4) के लिए सुदूर संवेदन डेटा का विश्लेषण, फसल मानचित्रण, कृषि उत्पाद मॉडलन, डेटा एकत्रण के लिए फील्ड विजिट, यथास्थिति फसल प्राचन मापन के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना<br>Technical assistance to FASAL 2.0 project (2) , IPCM (1), SUFALAM-II (4) for remote sensing data analysis, crop mapping, crop yield modelling field visit for data collection, in situ crop parameters measurements. |

| **पद कोड POST CODE - 03** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना सहयोगी-I PROJECT ASSOCIATE – I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | **01 (एक One)** |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | कुल न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पॉइन्ट स्केल पर 6.84 के सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कंप्यूटर विज्ञान/डेटा विज्ञान में बी.टेक<br>B. Tech in Computer Science/ Data Science with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point scale |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | सुदूर संवेदन डेटा के विश्लेषण के लिए आईपीसीएम परियोजना को जीआईएस और सॉफ्टवेयर समर्थन, वेब आधारित फसल मानचित्रण का विकास, आलू उत्पाद मॉडलिंग, भू सत्य (जीटी) मापन<br>GIS and software support to IPCM project for remote sensing data analysis, development of web based crop mapping, potato yield modelling, Ground Truth (GT) measurements. |

| **पद कोड POST CODE - 04** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना सहयोगी-I PROJECT ASSOCIATE – I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | **04 (चार Four)** |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | कुल न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पॉइन्ट स्केल पर 6.84 के सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कृषि विज्ञान (कृषि मौसम विज्ञान/कृषि भौतिकी/कृषि विज्ञान/ क्रॉप फिजियोलॉजी/ मृदा विज्ञान/ प्लांट पैथोलॉजी/ कृषि सांख्यिकी/कृषि विश्लेषिकी/ कृषि सूचना/ कृषि प्रौद्योगिकी) में एम.एससी<br>M. Sc. in Agricultural Sciences (Agricultural Meteorology/ Agricultural Physics/ Agronomy/ Crop Physiology/ Soil Science/ Plant Pathology/ Agricultural Statistics/ Agricultural Economics/ Agricultural Analytics/ Agricultural Informatics/ Agricultural Technology) with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point scale |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | • फसल विविक्तकरण, मानचित्रण, एकड़ आकलन, फसल उत्पादन और बाजार पहुंचाने का मॉडलन, एबायोटिक और बायोटिक दबाव के लिए फसल स्वास्थ्य निर्धारण के लिए विधि का विकास, मूल्य संवर्धित कृषि-सलाहकार और पूर्व-चेतावनी उत्पादों का विकास<br>Development of methodology using Remote Sensing data for crop discrimination, mapping, acreage estimation, crop yield and market arrival modelling, crop health assessment for abiotic and biotic stress, development of value-added agro-advisory and forewarning products. |

| | |
|---|---|
| | • सुफलाम-II में सुदूर संवेदन से व्युत्पन्न आउटपुट के सत्यापन के लिए फील्ड डेटा एकत्रण<br>Field data collection for validation of remote sensing derived outputs in SUFALAM II |

| **आयु सीमा AGE LIMIT** | |
|---|---|
| पद कोड 01 से 04 हेतु<br>For Post Code 01 to 04 | अधिकतम आयु सीमा **22.09.2025 तक 35 वर्ष**/<br>Maximum Age limit is **35 years as on 22.09.2025** |
| अ.जा/अ.ज.जा के मामले में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट तथा अ.पि.व.-एनसीएल के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।<br>Upper age limit is relaxable by 5 years in case of SC/ST and 3 years in case of OBC-NCL candidates.<br>सेवारत केंद्र सरकार के कर्मचारी, बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति आदि भारत सरकार के नियमों/ आदेशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के पात्र हैं।<br>Serving Central Govt. Employees, Persons with Benchmark Disabilities etc. are eligible for upper age relaxation as per Govt. of India rules/orders. | |

| **परिलब्धियाँ और अन्य लाभ Emoluments & other benefits:** | |
|---|---|
| **परियोजना वैज्ञानिक- - I**<br>**Project Scientist - I** | **₹56000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**₹56000/- Per month + HRA** |
| **परियोजना सहयोगी- I**<br>**Project Associate - I** | **₹31000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**₹31000/- Per month + HRA** |
| तैनाती के स्थान पर निर्धारित दर से लागू म.कि.भ. का भुगतान किया जाएगा और विद्यमान नियमों के अनुसार केवल स्वयं के लिए चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जाएगी। इस सुविधा के लिए फेलोशिप राशि को मूल वेतन माना जाएगा। अं.वि./भारत सरकार के विद्यमान नियमानुसार छुट्टी एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, चयनित अभ्यर्थी नियमित कर्मचारियों को प्राप्त अन्य सुविधाओं या छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।<br>HRA at the prescribed rates in force at the place of posting will be paid and Medical benefits for self only will be allowed as per extant rules. The fellowship amount shall be taken as Basic pay for this purpose. Leave and other benefits will be granted as per extant DOS/GOI rules. Apart from this, the candidates selected will not be entitled to any benefits or concessions admissible to regular employees. | |

| **चयन प्रक्रिया SELECTION PROCESS**: |
|---|
| निर्धारित अर्हता न्यूनतम आवश्यकता है और उक्त का होना अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के लिए स्वतः पात्र नहीं कर देता। पद(दों) के लिए अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में, साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का लघुसूचीयन (आवश्यकता होने पर) शैक्षणिक रिकॉर्ड के आधार पर किया जाएगा। लघुसूचित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। लघुसूचित अभ्यर्थियों की सूची सैक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थियों को इसके अलावा अलग से संपर्क/बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। साक्षात्कार के विवरण सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व देख लें कि वे न्यूनतम अर्हता/शर्तों को पूरा करते हैं। चयन समिति द्वारा अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा और केवल साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन पैनल तैयार किया जाएगा।<br>The qualification prescribed is the minimum requirement and possession of the same does not automatically make the candidates eligible for selection process. In case large number of applications are received for the post(s), shortlisting of candidates (if required) for the interview will be done based on academic records. The shortlisted candidates will be called for the interview. List of shortlisted candidate will be published on SAC website. Separate communication /call letters for interview will not be sent to the candidates. Interview schedule will be published on SAC website. Candidates are advised to carefully satisfy themselves regarding their meeting of minimum eligibility qualification / conditions before appearing for the interview. The interview of eligible candidates will be conducted by the selection committee and selection panel will be prepared based on performance in the interview only. |

| महत्वपूर्ण सूचना IMPORTANT INFORMATION : | |
|---|---|
| 1. | केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।<br>Only Indian Nationals need to apply. |
| 2. | मात्र ऑनलाइन किए गए आवेदनों पर विचार किया जाएगा। प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>Applications made online only will be entertained. Physical applications will not be entertained. |
| 3. | किसी भी पद के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं है।<br>There is no application fees for any post. |
| 4. | पद अस्थायी और विशिष्ट अवधि के लिए ही हैं तथा किसी अं.वि./इसरो केंद्र में नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा अथवा अधिकार प्रदान नहीं करते हैं।<br>The positions are temporary and for specific duration and will not confer any claim or right for regular appointment in any DOS/ISRO Centre. |
| 5. | ऊपर दर्शायी गई रिक्तियां अनंतिम हैं तथा संगठन की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर बढ़ाई या घटाई जा सकती हैं। प्रशासनिक आवश्यकतानुसार, किसी भी पद को न भरने / किसी भी स्तर पर भर्ती को रद्द करने का अधिकार केंद्र के पास सुरक्षित है।<br>The number of vacancies indicated above are provisional and may be increased or decreased depending on the actual requirements of the Organisation. The Centre reserves the right to cancel recruitment at any stage / not to fill-up any of the post, as per administrative convenience. |
| 6. | आवेदन मात्र ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु ऑनलाइन भर्ती पोर्टल **02.09.2025 के 1000 बजे से 22.09.2025 के 1730 बजे तक खुला रहेगा।** इच्छुक अभ्यर्थी इसके लिए सैक वेबसाइट https://www.sac.gov.in अथवा https://career.sac.gov.in देख सकते हैं।<br>Applications will be received online only. The online recruitment portal will be available from **1000 hours on 02.09.2025 to 1730 hours on 22.09.2025** for online registration and filling up of online application**.** Interested candidates may visit SAC web-site https://www.sac.gov.in OR https://career.sac.gov.in for this purpose. |
| 7. | **अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता मानदंडों को पूर्ण करते हैं और वे विज्ञापन तथा आवेदन फार्म में निहित अनुदेशों का अनुसरण करें। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं आवेदन फार्म को पूर्ण रूप से भरें और इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें।**<br>**It is for candidates to ensure that he/she fulfils the eligibility criteria and complies with the requirements adhering to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form. Candidates are, therefore urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard.** |
| 8. | ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति के बाद, अभ्यर्थियों को एक आवेदन नंबर प्रदान किया जाएगा, जिसे भविष्य में किसी भी संप्रेषण के लिए प्रयोग किया जाना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के बाद, भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन सार का प्रिंट लेकर रख **लें। कृपया नोट करें कि आवेदन/पंजीकरण सार का प्रिंट लेने के लिए साइट दिनांक 22.09.2025 को 17.30 बजे के बाद उपलब्ध नहीं रहेगी।**<br>Upon submission of online application, applicants will be provided with an application number, which should be used for all future correspondence. After submission of online application, take print out of the application summary for future reference. **Please note that site will not be open for printing the application/registration summary after 17:30 hours of 22.09.2025.** |
| 9. | यह पूर्वापेक्षित शर्त है कि प्रत्येक पद के समक्ष नियत अर्हता विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा उक्त पाठ्यक्रम की अनुबंधित अवधि के भीतर पूर्ण कर ली गई हो।<br>It is a pre-requisite condition that the prescribed qualification against each post should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University/Institution. |
| 10. | जहाँ विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण-पत्र या समेकित मार्क-शीट में मात्र सीजीपीए का उल्लेख करता है, तो उल्लिखितानुसार सीजीपीए निश्चित ही अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंड के अनुरूप होना चाहिए। संबंधित |

| | |
|---|---|
| | विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा रूपांतरण सूत्र निर्धारित होने पर भी पात्रता निर्धारित करने के लिए सीजीपीए को अंकों के प्रतिशत में बदलने की अनुमति नहीं है। यही मानदंड यथोचित परिवर्तनों सहित उन मामलों में भी लागू होते हैं, जहाँ उपाधि प्रमाण-पत्र/समेकित मार्क-शीट पर मात्र अंकों का प्रतिशत उल्लिखित है।<br>Where a University mentions only CGPA in its Degree certificate or Consolidated Mark-sheet, then the CGPA so mentioned should necessarily meet DOS/ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in Degree Certificate/Consolidated Mark-sheet. |
| 11. | यदि कोई विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण-पत्र या समेकित मार्क-शीट में सीजीपीए और अंकों के प्रतिशत, दोनों का उल्लेख करता है, तो कम–से-कम एक मानदंड (सीजीपीए या प्रतिशत) अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडों के अनुरूप होना चाहिए।<br>Where a university mentions both CGPA & Percentage of marks in Degree certificate or Consolidated Mark-sheet, then at least one criteria i.e. either CGPA or percentage of marks should meet ISRO/DOS eligibility norms. |
| 12. | अंकों के पूर्णांकन की अनुमति नहीं है।<br>Rounding-off of marks is NOT allowed. |
| 13. | <u>ड्युअल/एकीकृत स्नातक डिग्री के मामले में</u> / <u>For candidates having Dual/Integrated Degree:</u><br>1. ड्युअल/ इंटीग्रेटेड डिग्री प्रमाणपत्र में जहाँ स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए सीजीपीए / प्रतिशत अलग-अलग दर्शाए गए हैं, वहाँ स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सीजीपीए / प्रतिशत की विद्यमान प्रक्रिया के अनुसार संगणना की जाएगी।<br>Where a CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in Dual/Integrated Degree Certificate, CGPA/Percentage of the graduation and post-graduation level shall be reckoned as per existing procedure.<br>2. जहां ड्युअल/समेकित उपाधि प्रमाण-पत्र में अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए एक ही सीजीपीए/प्रतिशत उल्लिखित है, वहां पात्रता तय करने हेतु ड्युअल/एकीकृत डिग्री प्रमाण पत्र में अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए प्रदत्त अंतिम सीजीपीए/प्रतिशत की गणना की जाएगी ;<br>Where a common CGPA/percentage applicable for the entire course of study only mentioned in Dual/Integrated Degree Certificate, final CGPA/percentage as mentioned in the Dual/ Integrated Degree Certificate as applicable for the entire course of study shall be reckoned for deciding the eligibility.<br>3. यदि कोई विश्वविद्यालय अपने ड्युअल/एकीकृत उपाधि प्रमाण–पत्र में कोई सीजीपीए/प्रतिशत निर्धारित नहीं करता है, तो अंतिम/समेकित मार्कशीट के अनुसार संचयी सीजीपीए/ प्रतिशत, जैसा कि अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू हो, पात्रता तय करने हेतु मान्य होगा;<br>Where a University does not prescribe any CGPA/percentage in Dual/ Integrated Degree Certificate the cumulative CGPA/percentage as per Final/Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study shall be reckoned for deciding the eligibility.<br>4. उपरोक्त मानदंड समान रूप से लागू होंगे चाहे कोई विश्वविद्यालय/संस्थान अपने ड्युअल/एकीकृत उपाधि प्रमाण-पत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए सीजीपीए/प्रतिशत प्राप्त करने हेतु एक सूत्र निर्धारित करता हो या नहीं;<br>The above criteria will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual/Integrated Degree Certificate. |
| 14. | **आगे की भर्ती प्रक्रिया के संबंध में अभ्यर्थियों से सभी प्रकार का संप्रेषण सैक वेबसाइट के माध्यम से किया जाएगा।** अतः समय-समय पर सैक वेबसाइट देखते रहें। सैक/इसरो, तकनीकी या अन्य किसी भी कारण से संप्रेषण में असफलता/अवरोध के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।<br>**All communication with the candidates regarding further recruitment process will be notified through SAC website.** Hence, the candidates are advised to visit the SAC website from time to time. SAC/ ISRO will not be responsible for any failure/interruption in communication due to technical or whatsoever reason/s to the candidates. |

| | |
|---|---|
| 15. | **अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत किए गए विवरणों के प्रमाण के रूप में साक्षात्कार के समय अपनी अर्हता को प्रमाणित करने के लिए अपनी अंक तालिका/डिग्री, जाति/जनजाति प्रमाण-पत्र, अनापत्ति, घोषणा आदि की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। जो उल्लेखित दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल होगें उनको साक्षात्कार में भाग लेने की की अनुमति नहीं दी जायेगी तथा और यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।**<br>**Candidates will have to produce original documents alongwith self-attested copies of their Mark sheets /Degrees, Caste/Tribe certificate, NOC, Declaration etc. in proof of the details furnished in their online application to substantiate their eligibility at the time of Interview for verification. Those who fail to produce the said documents shall not be permitted to appear in the Interview and TA will not be paid.** |
| 16. | यदि ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी स्तर पर असत्य पाई जाती है या यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी निर्धारित/विज्ञापित मानदंडों को पूरा नहीं करता है तो अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।<br>If any information furnished in the online application is found false at any stage of recruitment process or if at any stage, it is found that the candidate is not fulfilling the prescribed/advertised criteria, the candidature will be cancelled summarily. |
| 17. | एक ही पद के लिए अभ्यर्थी द्वारा एकाधिक बार आवेदन करने की स्थिति में, आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत आखिरी आवेदन पर आगे की प्रक्रिया हेतु विचार किया जाएगा।<br>In case of submission of duplicate/multiple applications by candidates for the same post, the last application submitted before the last date of submission of application shall be considered for further processing. |
| 18. | **अनापत्ति प्रमाणपत्र:** सरकारी/ सार्वजनिक उपक्रम/ अर्ध सरकारी/ स्वायत्त संगठन में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने संबंधित संगठन से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।<br>**No Objection Certificate:** Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Interview**.** Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Interview, shall not be permitted to appear in the Interview and TA will not be paid. |
| 19. | **22.09.2025 को ही आयु गणना, अनिवार्य अर्हता प्राप्ति आदि जैसे सभी उद्देश्यों के लिए कट-ऑफ डेट माना जाएगा।**<br>**22.09.2025 will be the cut-off date for all purposes like computation of age, acquiring essential qualification etc.** |
| 20. | **आवेदन की अंतिम तिथि यानी 22.09.2025 को अंतिम परिणाम का इंतजार कर रहे अभ्यर्थी आवेदन के लिए अर्ह नहीं हैं।**<br>**Candidates waiting for final result as on the last date of application i.e. 22.09.2025 are not eligible for apply.** |
| 21. | विदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त डिग्री वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।<br>Candidates possessing Degrees awarded by foreign universities should produce the equivalency certificate issued by Association of Indian Universities (AIU), New Delhi, at the time of Interview. |
| 22. | अ.पि.व के अभ्यर्थियों के संबंध में, केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में छूट प्राप्त होगी, जो ऑनलाइन आवेदन के दिन क्रीमी लेयर वर्ग में नहीं आते हैं। अ.पि.व. प्रमाण पत्र में विशिष्ट रूप से क्रीमी लेयर वर्ग से अपवर्जन संबंधी उपवाक्य शामिल होना चाहिए तथा वह समय-समय पर अद्यतित/वैध होना चाहिए।<br>In respect of OBC candidates, relaxation in upper age limit will be available only to candidates, who do not fall in creamy layer as on the date of online application. OBC certificates must specifically include the clause regarding exclusion from Creamy Layer and should be updated/valid at the relevant point of time. |

| | |
|---|---|
| 23. | साक्षात्कार के समय दिव्यांग (मानक दिव्यांगता) अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता का मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो, जो राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा विधिवत गठित 3 सदस्यों वाले मेडिकल बोर्ड, जिसमें एक सदस्य दिव्यांगता आकलन से संबंधित क्षेत्र का विशेषज्ञ हो, द्वारा जारी किया गया हो। मानक दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए दिव्यांगता की न्यूनतम डिग्री 40% है। दिव्यांगता की परिभाषा, दिव्यांगजन अधिनियम, 2016 के अधिकारों की अनुसूची में उल्लेख के अनुसार होगी।<br>PwBD (Persons with Benchmark Disabilities) candidates have to submit certificate of disability in the prescribed format clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least 3 members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing the disability, duly constituted by Central or a State Government at the time of Interview. Degree of disability should be minimum 40% for Persons with Benchmark Disabilities (PwBD). The definition of Disabilities are as specified in the schedule of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016. |
| 24. | परियोजना वैज्ञानिक-I/परियोजना सहयोगी-I प्रारंभ में एक वर्ष या परियोजना की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा और उनके कार्य तथा परियोजना की आवश्यकतानुसार नियुक्ति आगे बढ़ाई जा सकती है। सभी पद परियोजना की समाप्ति पर स्वतः समाप्त हो जाएंगे।<br>Project Scientist-I/Project Associate-I will be engaged initially for ONE YEAR or till the project duration and is extendable for further periods based on assessment of their work and requirement of project. All the positions are co-terminus with the projects. |
| 25. | किसी प्रकार की कार्य रिपोर्ट प्रकाशित किए जाने के पूर्व उपयुक्त सैक/इसरो प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त की जानी चाहिए।<br>Clearance of appropriate SAC/ISRO authority shall have to be taken before publishing any work report. |
| 26. | परियोजना वैज्ञानिक-I/परियोजना सहयोगी-I, सैक/इसरो के अनुशासनात्मक विनियमों के अधीन होंगे।<br>Project Scientist-I/Project Associate-I shall be governed by the disciplinary regulations of SAC/ISRO. |
| 27. | परियोजना वैज्ञानिक-I/परियोजना सहयोगी-I से यह अपेक्षित होगा कि अपने कार्यकाल की पूर्ति/ त्यागपत्र दिए जाने पर अध्येतावृति के कालावधि में उनके द्वारा किए गए अनुसंधान कार्यों की विस्तृत समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत करे।<br>The Project Scientist-I/Project Associate-I shall be required to submit a detailed consolidated report of the research work done during the entire period of Fellowship on completion of the tenure/resignation. |
| 28. | किसी भी रूप में प्रभाव डालने का प्रयास करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा।<br>Canvassing in any form will be a disqualification. |
| 29. | किसी भी अंतरिम पत्राचार/फोन कॉल पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>No interim correspondence/phone calls will be entertained. |
| 30. | चयनित अभ्यर्थियों को सैक, अहमदाबाद में तैनात किया जाएगा। हालांकि, परियोजना कार्य/अनुसंधान की अवधि के दौरान उन्हें भारत में किसी भी स्थान पर रहने और कार्य करने की आवश्यकता पड़ सकती है।<br>The selected candidates shall be posted at SAC, Ahmedabad. However, they may be required to work and stay at any location in India during their tenure for Project work/ Research. |
| 31. | साक्षात्कार के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर आवेदन में दिए गए पते से साक्षात्कार स्थल तक आने-जाने का द्वितीय/शयनयान श्रेणी रेलवे का लघुतम दूरी का किराया या एसी रहित बस का किराया अथवा वास्तविक किराया, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा चाहे यात्रा रेल, बस, हवाई, इत्यादि किसी भी माध्यम से की गई हो। (जिन योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अनुमति दी जायेगी, केवल उन्हीं को यात्रा भत्ता का नियमों के अनुसार भुगतान किया जाएगा।)<br>Outstation Candidates called for Interview will be paid to and fro Second /Sleeper Class Railway Fare or non-AC Bus fare or actual fare whichever is less as per shortest distance from the address given in online application to the place of interview on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey viz., Rail, Bus, Air, etc. (Eligible candidates who are allowed for Interview will alone be paid Travelling Allowance as per the rules.) |

| | |
|---|---|
| 32. | चयनित अभ्यर्थियों को ई-मेल/सैक वेबसाइट द्वारा सूचित किया जाएगा तथा चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किए जाने पर तुरंत पद पर कार्यग्रहण करना होगा।<br>Selected candidates may be intimated through email / SAC website and have to join the post on being found fit by a Medical Authority. |
| 33. | मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) के माध्यम से व्यवसायिक कोर्स करने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।<br>Candidates who have pursued professional course through Open and Distance Learning (ODL) are not eligible for consideration. |
| 34. | सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने का प्रयास कर रही है जिसमें लैंगिक संतुलन हो, अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।<br>Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply. |
| 35. | सैक/इसरो के पास बिना कोई कारण बताए साक्षात्कार को रद्द करने/आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है। सैक/इसरो परियोजना पूर्ण होने के पहले अनुबंध को समाप्त करने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है जिसके खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती।<br>SAC/ISRO reserves the right to cancel/postpone the interview without assigning any reason thereof. SAC/ISRO also reserves the right to terminate the contract, even before completion of the project for which no appeal thereof shall be made. |
| 36. | विज्ञापन के अंग्रेजी/हिंदी के किसी भी खंड की व्याख्या में अस्पष्टता/विवाद के मामले में, सैक का निर्णय अंतिम होगा।<br>In case of any ambiguity/dispute arising on account of interpretation of any clause either in Hindi/English version of this advertisement, the decision of SAC will be final. |
| 37. | इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही अहमदाबाद में ही की जा सकती है; और केवल अहमदाबाद के न्यायालयों के पास ऐसे किसी भी मामले/विवादों को निपटाने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।<br>Any legal proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement can be instituted in Ahmedabad; and the Courts at Ahmedabad only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any such cases/disputes. |
| 38. | **कोई भी परिशिष्ट/ अद्यतन/ शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट **https://www.sac.gov.in** या **https://careers.sac.gov.in** नियमित रूप से देखते रहें।<br>**Any Addendum/Update/Corrigendum will only be published on SAC website**. Candidates should regularly visit the SAC website **https://www.sac.gov.in** or **https://careers.sac.gov.in** for latest updates. |

| **ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु सामान्य दिशानिर्देश**<br>**GENERAL GUIDELINES FOR FILLING THE ONLINE APPLICATION FORM** | |
|---|---|
| 1. | आवेदन भरते समय अनुदेशों का सावधानी से पालन करें।<br>Follow instructions carefully while filling application form. |
| 2. | संबंधित कॉलम में अपेक्षित सही आंकड़े भरें।<br>Enter correct data in the relevant columns as required. |
| 3. | * से चिह्नित फील्ड अनिवार्य हैं और उन्हें आवश्यक रूप से भरा जाना है।<br>Field marked with * is a mandatory field and requires to be filled. |
| 4. | नोटः आवेदन केवल एक बार प्रस्तुत किया जा सकता है। 'SUBMIT' बटन एक निर्णायक चरण है,क्योंकि इसके बाद कोई भी सुधार नहीं किया जा सकेगा। इसलिए प्रस्तुत करने से पूर्व एक बार फिर से सुनिश्चित करें कि जानकारी सही है।<br>NOTE: Application can be submitted only once. Hence clicking the 'SUBMIT' button is a critical step, as no corrections will be possible subsequently. So you should ensure once again that the information is correct before submitting. |

| महत्वपूर्ण तिथियाँ IMPORTANT DATES: | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट लिंक खुलने की तिथि<br>Opening date for Online Applications on website | **02.09.2025<br>(1000 बजे से From 1000 hrs.)** |
| आवेदन सारांश के प्रिंट व ऑन-लाइन आवेदन बंद होने की तिथि<br>Closing date for submission of application and printing of application summary | **22.09.2025<br>(1730 बजे तक Till 1730 hrs.)** |
| साक्षात्कार की अनुमानित अनुसूची<br>Tentative schedule of interviews | **अक्टूबर-नवम्बर 2025<br>October-November 2025** |

| संपर्क नंबर CONTACT NUMBERS: | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान तकनीकी पूछताछ के लिए<br>For technical queries occurred during applying online | 079 2691 5512 / 10 |
| सामान्य पूछताछ के लिए<br>For general queries | 079 2691 3025 / 22 |
| ई-मेल पता<br>Email address | ao_rr@sac.isro.gov.in |
| विज्ञापन में पूर्व से ही उपलब्ध सूचना के बारे में पूछताछ किए जाने पर उसका जबाव ई-मेल/टेलीफोन से नहीं दिया जाएगा।<br>(Queries for which information is available in the advertisement shall not be replied over phone / email.) | |
| अभ्यर्थी अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in या https://careers.sac.gov.in देखें।<br>CANDIDATES MAY VISIT OUR WEB-SITE https://www.sac.gov.in or https://careers.sac.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF THEIR APPLICATION. | |

## महत्वपूर्ण नोट IMPORTANT NOTE:

सभी विज्ञापित पद अस्थायी हैं और परियोजना के लिए बजट के तहत प्रशासनिक अनुमोदन/ निधि की उपलब्धता के अधीन हैं। इसलिए साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर 'चयनित'/'प्रतीक्षा सूची' में घोषित उम्मीदवारों को इन पदों पर कार्यग्रहण करने का अधिकार स्वतः ही प्राप्त नहीं हो जाता है।

All the advertised positions are temporary and subject to administrative approval/ fund availability, under the budget for the project. Therefore, the candidates who are declared 'Selected" / 'Waitlisted' based on their performance in interview does not automatically confer them any right of joining the positions.

***********